**भारत सरकार**
**रक्षा मंत्रालय**
**रक्षा विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 702**
**07 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए**

**राज्य सरकार को रक्षा भूमि का आवंटन**

**702. श्री बलराम नाइक पोरिका:**

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को विकास के लिए राज्य सरकार को रक्षा भूमि आवंटित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो विशेष रूप से तेलंगाना राज्य सरकार से संबंधित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त प्रस्ताव पर सरकार का क्या विचार है तथा इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)**

(क) से (ग): जी, हां । राज्य सरकारें समय-समय पर सार्वजनिक अवसंरचना और जनोपयोगी परियोजनाओं के लिए रक्षा भूमि पर कार्य करने की अनुमति प्राप्त करने के लिए रक्षा मंत्रालय के एनओसी पोर्टल पर आवेदन करती रहती हैं । तेलंगाना राज्य सरकार ने दिनांक 01.04.2021 से अब तक एनओसी पोर्टल पर 17 आवेदन प्रस्तुत किए हैं । इनमें से 12 आवेदनों का निपटान किया जा चुका है जिनमें से 08 मामलों में कार्य की अनुमति प्रदान की गई है और 04 मामलों को अस्वीकार किया गया है ।

मंत्रालय द्वारा रक्षा भूमि पर कार्य करने की अनुमति देने हेतु प्रस्तावों की जांच उपभोक्ता की आवश्यकताओं और सशस्त्र सेनाओं की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए मामला दर मामला आधार पर हितधारकों के साथ परामर्श से की जाती है ।

*****